By Email

पत्रांक–म०भो० / को०–337 / 2011..1607/

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति**

प्रेषकः

निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार।

पटना, दिनांक 18.10.12

विषयः खाद्यान्न उठाव एवं वितरण में आ रहे अवरोधों का त्वरित निष्पादन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विगत राज्यस्तरीय बैठक (दिनांक 28.09.2012) के दौरान अनेक जिलों ने खाद्यान्न आपूर्ति ससमय एवं आवंटनानुसार नहीं किये जाने की समस्या का जिक्र किया। समाधान हेतु बैठक में उपस्थित भारतीय खाद्य–निगम एवं राज्य खाद्य–निगम के प्रतिनिधियों ने अपने सम्पर्क सं० (मोबाइल न०) उपलब्ध कराये हैं। पुनः इस समस्या के निराकरण हेतु इन पदाधिकारियों का सम्पर्क सं० नीचे अंकित करते हुए कहना है कि आपके समक्ष खाद्यान्न से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या आते ही इनसे सम्पर्क स्थापित किया जाय और दो दिनों तक लगातार इनसे वार्ता कर निदान निकालने का यत्न किया जाय।

| एजेन्सी का नाम | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल नं० | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय खाद्य निगम | श्री सत्यप्रकाश पंडा | ए०जी०एम० | 9955997110 | 2 दिन |
| राज्य खाद्य निगम | श्री जे० पी० झा | डिप्टी चीफ | 9835096389 | 2 दिन |

दो दिनों में यदि उक्त पदाधिकारियों के द्वारा खाद्यान्न संबंधित आपकी समस्या का निदान नहीं होता है, तो उक्त अवधि के उपरान्त निदेशालय से निराकरण हेतु दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। इस हेतु निम्न सम्पर्क सं० का व्यवहार किया जा सकता है –

| क्रम सं० | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल नं० | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विजय प्रताप सिंह | सहायक कार्यक्रम समन्वयक | 9905374483 | 3 दिन |
| 2 | श्री कमलेश झा | उप निदेशक | 9431284805 | 3 दिन |

इसके बावजूद भी खाद्यान्न से संबंधित समस्या का निराकरण नहीं हो पाता है तो अधोहस्ताक्षरी के दूरभाष सं०–0612–2200123 / मोबाईल नं०–9471006141 पर सम्पर्क स्थापित करना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

17.10

**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।